<u>समाचार</u>

# आमजन की समस्याओं से रूबरू होने महापौर पहुंची विभिन्न बस्तियों में

## (वार्ड क्र. 01, 02 व 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर लोगों से की मुलाकात, जानी उनकी समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश)



कोरबा 11 अप्रैल 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत आमजन की समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं की जानकारी ली, उन्होने निगम के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, पानी, बिजली, साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं व विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारियों के साथ कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों पटेलपारा, फोकटपारा, इंदिरा नगर, सांई मोहल्ला, रामसागरपारा, शासकीय स्कूल के पीछे मोहल्ला, अमरैयापारा, शारदाविहार सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का दौरा किया। महापौर श्रीमती राजपूत स्कूटी सवार होकर वार्ड में पहुंची तथा बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ के निवासियों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली, इस दौरान महापौर श्रीमती राजपूत बिजली, पानी व साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**<u>पानी का प्रेशर बढ़ाने आवश्यक कदम उठाएं</u>** – भ्रमण के दौरान कुछ बस्ती के निवासियों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत से बस्तियों के आखिरी छोर पर पानी का प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं बताई, जिस पर महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तियों के आखिरी छोर तक पानी का पर्याप्त प्रेशर बने तथा लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके, इस दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें। कतिपय लोगों द्वारा नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचे जाने की शिकायत पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उनसे आग्रह किया कि नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प न लगाएं, ताकि सभी नागरिकबंधुओं को पर्याप्त रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके तथा सभी घरों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके।

**<u>साफ–सफाई कार्यो में कसावट लाएं</u>** – महापौर श्रीमती राजपूत ने इन विभिन्न बस्तियों के भ्रमण के दौरान वहॉ की साफ–सफाई का जायजा लिया, स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने

अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ–सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप नालियों की समय–समय पर सम्पूर्ण रूप से सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, सफाई कार्य के दौरान निकला हुआ कचरा स्थल पर अधिक समय तक न पड़ा रहा, इस हेतु कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन कर उसका उचित प्रबंधन करें।

**<u>जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण</u>** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने बस्तीवासियों से कहा कि आपकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराए जाने हेतु निगम प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन भी हो रहा है तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि आपकी सभी विकासपरक समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से किया जा सके। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की स्वच्छता व निगम के साफ–सफाई कार्यो में सबके सहयोग का आग्रह भी किया।

इस मौके पर पार्षद युगल कैवर्त, ईश्वर पटेल, योगेश मिश्रा, पूर्व पार्षद दीपा राठौर एवं दीपक यादव, निगम के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, रमेश सूर्यवंशी आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।